# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 6

### Chapter 13: कार्य का महत्व



**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# प्रश्न, क्रियाकलाप और परियोजनाएँ

**1. आर्थिक गतिविधियाँ किस प्रकार गैर-आर्थिक गतिविधियों से भिन्न होती हैं?**
**उत्तर:** आर्थिक गतिविधियाँ और गैर-आर्थिक गतिविधियों में अंतर-

| आर्थिक गतिविधियां | गैर-आर्थिक गतिविधियां |
|---|---|
| ये गतिविधियाँ जो धन कमाने के लिए की जाती है। | ये गतिविधियाँ धन कमाने के लिए नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्नेह, आदर, सामाजिक सेवा या प्रेम-भावना के कारण की जाती हैं। |
| इस गतिविधि के बदले में व्यक्ति को वेतन, लाभ या आय प्राप्त होती है। | इस गतिविधि के लिए कोई आर्थिक लाभ नहीं मिलता। |
| डॉक्टर द्वारा फीस लेकर मरीज का इलाज, किसान द्वारा फसल उगाना, शिक्षक द्वारा ट्यूशन पढ़ाना। | माँ का अपने बच्चे को पढ़ाना, समाजसेवा, मित्रों के साथ समय बिताना। |

**संक्षेप में:** आर्थिक गतिविधियाँ धन कमाने से संबंधित होती हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। गैर-आर्थिक गतिविधियाँ व्यक्तिगत संतोष, सामाजिक कल्याण या प्रेम-भावना के कारण की जाती हैं और इनमें कोई आर्थिक लाभ शामिल नहीं होता।

**प्रश्न 2. लोग किस प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में सम्मिलित होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।**
**उत्तर:-** लोग विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में सम्मिलित होते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है:

1. **प्राथमिक आर्थिक गतिविधियाँ:-** ये गतिविधियाँ प्राकृतिक संसाधनों के प्रत्यक्ष उपयोग से जुड़ी होती हैं। उदाहरण:
   - **कृषि:** किसान फसलों की खेती करते हैं।
   - **मत्स्य पालन:** मछुआरे समुद्र या नदियों से मछलियाँ पकड़ते हैं।
   - **खनन:** लोग कोयला, लौह अयस्क, सोना आदि निकालते हैं।

2. **द्वितीयक आर्थिक गतिविधियाँ:-** इसमें कच्चे माल को संसाधित करके उपयोगी वस्तुएँ बनाई जाती हैं। उदाहरण:
   - **उद्योग:** स्टील, कपड़ा, सीमेंट, ऑटोमोबाइल निर्माण।
   - **निर्माण कार्य:** इमारतें, सड़कें, पुल आदि बनाना।
   - **हस्तशिल्प:** कुम्हार, बढ़ई, जौहरी द्वारा वस्तुएँ बनाना।

3. **तृतीयक आर्थिक गतिविधियाँ:-** इसमें सेवाओं से जुड़ी गतिविधियाँ आती हैं, जो उत्पादन और उपभोक्ता को जोड़ती हैं। उदाहरण:
   - **परिवहन:** बस, ट्रेन, ट्रक आदि से वस्तुओं और लोगों का आवागमन।
   - **व्यापार:** दुकानदार और व्यापारी वस्तुओं की बिक्री करते हैं।
   - **स्वास्थ्य सेवाएँ:** डॉक्टर, नर्स, अस्पताल सेवाएँ देते हैं।
   - **शिक्षा:** शिक्षक स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाते हैं।
   - **बैंकिंग और वित्त:** बैंक, बीमा, शेयर बाजार सेवाएँ प्रदान करते हैं।

MOUTclasses

**प्रश्न 3. सामुदायिक सेवा गतिविधियों में लगे लोग अत्यधिक सम्माननीय हैं। इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर:-** "सामुदायिक सेवा गतिविधियों में लगे लोग अत्यधिक सम्माननीय हैं" – यह कथन पूरी तरह सत्य और प्रासंगिक है।

1. सामुदायिक सेवा का अर्थ है बिना किसी स्वार्थ के समाज की भलाई के लिए कार्य करना।
2. ऐसे कार्यों में लगे लोग समाज की बेहतरी के लिए अपना समय, ऊर्जा और संसाधन लगाते हैं।
3. ये लोग सेवा भाव से समाज की उन्नति में योगदान देते हैं।
4. सामुदायिक सेवा में लगे लोग समाज के सच्चे नायक होते हैं। चाहे वे शिक्षक हों, डॉक्टर हों, सामाजिक कार्यकर्ता हों
5. उनका त्याग और परिश्रम समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है, इसलिए वे अत्यधिक सम्माननीय हैं।

**प्रश्न 4. विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए लोगों को किस-किस प्रकार से पारिश्रमिक दिया जाता है? उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर:-** विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में लगे लोगों को उनके कार्य के बदले निम्न प्रकार से पारिश्रमिक दिया जाता है।

1. **मजदूरी (Wages):-** जब लोग दैनिक, साप्ताहिक या मासिक आधार पर भुगतान प्राप्त करते हैं, तो इसे मजदूरी कहते हैं।उदाहरण: एक कारखाने का श्रमिक प्रतिदिन ₹500 की दैनिक मजदूरी पाता है।
2. **वेतन (Salary):-** जो लोग किसी कंपनी या सरकारी विभाग में नियमित रूप से कार्यरत होते हैं, उन्हें मासिक वेतन मिलता है।उदाहरण: एक शिक्षक को हर महीने ₹50,000 का वेतन मिलता है।
3. **कमीशन (Commission):-** कुछ कार्यों में व्यक्ति को तय वेतन के बजाय बिक्री या लाभ का एक निश्चित प्रतिशत दिया जाता है। उदाहरण: एक बीमा एजेंट को पॉलिसी बेचने पर 10% कमीशन मिलता है।
4. **लाभ (Profit):-** जो लोग स्वयं का व्यवसाय करते हैं, वे अपने उत्पाद या सेवाओं की बिक्री से मुनाफा कमाते हैं। उदाहरण: एक दुकान मालिक ने ₹1,00,000 की बिक्री की और ₹20,000 का लाभ कमाया।
5. **मानदेय (Honorarium):-** कुछ कार्यों के लिए तयशुदा वेतन नहीं होता, बल्कि व्यक्ति को उसकी सेवा के बदले सम्मानजनक राशि दी जाती है। उदाहरण: एक अतिथि व्याख्याता (Guest Lecturer) को प्रति व्याख्यान ₹5000 का मानदेय दिया जाता है।

MUKUTclasses